# अमृत प्रार्थना
# भगवान से

परम पूज्य गुरुदेव द्वारा कराई प्रार्थना करेंगे
मां के गर्भ से मरे हुए बालक भी जन्म लेते पागल भी जन्म लेते हैं, लेकिन आपने हमें जीवन दान दिया है। हम पागल भी नहीं!
आपने हमारे लिए सब कुछ किया, लेकिन हमने आपको ही भुला दिया। आपके लिए कुछ नहीं किया। सारा जीवन अपने शरीर के लिए,अपने स्वजनों के लिए,माता-पिता-भाई-बांधवों के लिए किया। आपके लिए तो कुछ किया ही नहीं।
लेकिन आपने जो भी किया केवल हमारे लिए ही किया इसलिए हमारे अपराधों को क्षमा करें!
अब आज से हम आपके लिए जीवन जीएंगे और आपके लिए ही करेंगे। हमारी शरणागति को स्वीकार करें!
हमने आपका नाम का सहारा लिया है! आपके ध्यान का सहारा लिया है! योग का सहारा लिया है! सत्संग का सहारा लिया है!
अब हमारी शरणागति को स्वीकार करें! स्वीकार करें!स्वीकार करें!

ॐ शांति शांति शांति!